# बाल विवाह कुरीति, इसे रोकने की जरूरत : सीईओ

### संकल्प से समाधान अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर आयोजित
### हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में किया लाभ का वितरण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 अप्रैल।** सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसे रोकने के लिए समुदाय में जागरूकता बहुत जरूरी है, बाल विवाह निषेध अधिनियम अंतर्गत कठोर कार्यवाही का प्रावधान है तथा दो लाख रूपये तक जुर्माना एवं कारावास दोनो सजा शामिल है। वे आज निषादराज भवन में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय शिविर को संबोधित कर रही थी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, एसीईओ अजय उपाध्याय, महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश शर्मा, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का, सीईओ जनपद एसएस भटनागर, श्रीमती राजेश शर्मा, डॉ एसके सक्सैना, श्रीमती नेहा सिंह आदि उपस्थित थे।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने कहा कि सामुहिक विवाह सम्मेलनों के आयोजन से पूर्व वर-वधुओं की आयु का सत्यापन सुनिश्चित किया जायें तथा आयोजन की अनुमति संबंधित एसडीएम से प्राप्त की जायें। उन्होंने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शासन की विभिन्न 106 योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया है। अभियान के तहत कुल 68 हजार 294 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 हजार 175 का निराकरण करते हुए 65 हजार 263 हितग्राहियों को योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने अभियान को सफल बताते हुए कहा कि 65 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित हुए है तथा शासन द्वारा घर-घर जाकर लाभ देने की कार्यवाही की गई है।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट ने कहा कि योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है, आवास योजना अंतर्गत पक्के आवास की सुविधा से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से शुरू हुआ, जिसमें प्रथम स्तर पर पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किये गये, इसी प्रकार कलस्टर, विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की गई।

नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना ने कहा कि अभियान के तहत नगरपालिका श्योपुर अंतर्गत वार्डो में शिविर लगाकर 7 हजार 636 आवेदन लिये गये तथा 5 हजार 645 लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, अभियान के तहत कुल 106 प्रकार की योजनाओं में लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की गई है।

जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा ने कहा कि गावं-गांव में शिविर लगाकर शासन की मंशा के अनुरूप लोगों को योजनाओं में लाभान्वित किया गया है।

कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन द्वारा व्यक्त किया गया। नगरपालिका द्वारा लगभग 153 हितग्राहियों को अयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि योजनाओं में हितलाभ वितरित किये गये।



# 15 दिन में बदलेगी क्वारी नदी की तस्वीर

### जनप्रतिनिधि और प्रशासन उतरे सफाई अभियान में



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 11 अप्रैल।** जल संवर्धन योजना के अंतर्गत विजयपुर में क्वारी घाट पर व्यापक स्तर पर सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुद्गल, नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, एसडीएम एवं सीएमओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। सभी ने मौके पर पहुंचकर अभियान की शुरुआत की और सफाई कार्यों का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अभियान के दौरान अधिकारियों ने घाट क्षेत्र में फैली गंदगी, कचरे और अव्यवस्थित हालात का जायजा लिया तथा इसे जल्द से जल्द सुधारने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों ने भी स्वयं आगे बढ़कर सफाई कार्य में सहभागिता दिखाई, जिससे स्थानीय लोगों में जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों के सहयोग से आगामी 15 दिनों के भीतर क्वारी नदी एवं उसके सभी प्रमुख घाटों को पूरी तरह साफ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य इस क्षेत्र को न केवल स्वच्छ बनाना है, बल्कि इसे आमजन के लिए सुरक्षित और घूमने योग्य भी बनाना है। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग और जनसहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, नदी की स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह पहल क्षेत्र में जल संकट की समस्या को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की इस संयुक्त पहल से क्षेत्रवासियों में उत्साह और सकारात्मक संदेश देखने को मिला है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और नदी-घाटों को साफ-सुथरा रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## एक नजर में



### जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित

**श्योपुर, 11 अप्रैल।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय श्योपुर व रेडक्रॉस सोसाईटी के समन्वय से जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेहता द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बहुमूल्य दान है, इसलिये सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। साथ ही शिविर में उपस्थित सभी लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं रक्तदान करने से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराते हुये लोगो के मन में रक्तदान को लेकर फैली हुई भ्रांतियों को भी दूर किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, चेयरमेन सचिव उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, पैरालीगल वॉलेन्टियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, आदि द्वारा 28 यूनिट का रक्तदान किया गया। शिविर के दौरान जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अध्यक्ष व सचिव जिला अभिभाषक संघ, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन, सचिव, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, जिला अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष व अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैनल अधिवक्तागण जिलाचिकित्सालय से चिकित्सकगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व न्यायालयीन अधिकारी व कर्मचारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता, पैरालीगल वॉलेटियर्स इत्यादि उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश की बात को लेकर मारपीट

श्योपुर, 11 अप्रैल। थाना देहात मारपीट फरि. महावीर पुत्र राजू बैरवा उम्र 21 साल नि. तिल्लीपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 07.04.26 के 21.00 बजे स्थान लाईट फीटर के पास तिल्लीपुरा आरोपीगण, रामप्रसाद बैरवा, मनोज बैरवा नि.गण श्योपुर ने फरि को पुरानी रंजिश की बात को लेकर गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी ।

### सड़क पर से हट जाने की बात को लेकर विवाद

श्योपुर, 11 अप्रैल। थाना मरपीट फरि. रामलखन पुत्र प्रहलाद मीणा उम्र 54 साल नि. हिरनीखेडा ने रिपोर्ट की कि दि. 08.04.26 के 20.30 बजे स्थान जगत पटेल के मकान के पास ग्राम हिरनीखेडा आरोपीगण, महावीर बैरवा, शंकर बैरवा एक अन्य व्यक्ति ने फरि को सड़क पर से हट जाने की बात को लेकर गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी ।

### अपने घर में रहने की बात को लेकर मारपीट

श्योपुर, 11 अप्रैल। थाना ढोढर मारपीट फरि. सूरज पुत्र जगदीश आदि. उम्र 18 साल नि. आमली का सहराना थाना ढोढर ने रिपोर्ट की कि दि. 09.04.26 के 10.10 बजे स्थान फरि. की दादी के घर के बाहर ग्राम आमली सहराना पर आरोपीगण, श्रीलाल पुत्र नाध्या. आदि. नि. गण. आमली का सहराना ने फरि. की अपने घर में रहने की बात को लेकर गंदी – गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी ।

### सिर में चोट लगने से एक की मृत्यु

श्योपुर, 11 अप्रैल। थाना ढोढर मर्ग सू.क. लालाराम पुत्र श्रीपाल आदि. उम्र 35 आमली का सहराना ढोढर ने बताया कि दि. 09.04.26 के 00.30 बजे स्थान पारम नदी पुल के पास नहर रोड़ ढोढर मृतक रामसेवक पुत्र श्रीपाल आदि. उम्र 22 नि. आमली का सहराना ढोढर की मृत्यु सिर में चोट लगने से हुई मर्ग कायम कर जांच में लिया गया ।

### रास्ते से पानी निकालने की बात पर मारपीट

श्योपुर, 11 अप्रैल। थाना विजयपुर मारपीट फरि. गिलासी पत्नि भूपसिंह जाटव उम्र 41 साल नि. ग्राम सुनवई थाना विजयपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 08.04.26 के 20.00 से 20.15 बजे स्थान फरि. के घर के सामने पर आरोपीगण, भागलू पुत्र फओसू जाटव, कमलसिंह पुत्र फोसू जाटव 3. क्रान्ति पत्नि भागलू जाटव नि. गण. सुनवई ने फरि को रास्ते से पानी निकालने की बात को लेकर गंदी – गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### 12 ली. कच्ची शराब जप्त

श्योपुर, 11 अप्रैल। थाना आवदा 12 ली. हा.भ. की बनी कच्ची शराब पकडी- आरोपी मनोज पुत्र मौडूलाल बंजारा उम्र 26 साल नि. डूंगरा बस्ती को दि. 09.04.26 के 13.23 बजे स्थान कैमकी पार के पास आवदा के कबजे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 12 ली. कीमती 1200/- रू. जप्त की ।

### गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

श्योपुर, 11 अप्रैल। सड़क दुर्घटना फरि. रामभरत पुत्र सियाराम आदि. उम्र 35 साल नि. कोटरा मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 09.04.26 के 10.00 बजे स्थान तुलसी नारायण गर्ग पर आरोपी अज्ञात तूफानी गाड़ी क्र. आर. जे. 26टीए 2030 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर रोड़ किनारे खड़े फरि. के परिवार आकाश, संदीप, रिकूं, आदि में टक्कर मार दी जिससे उनको चोटे आई ।

# मलेरिया नियंत्रण के लिए विशेष कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 अप्रैल।** जिले में मलेरिया नियंत्रण के लिए संचालित व्यापक गतिविधियों के क्रम में ग्राम मेहरबानी में मलेरिया का एक पॉजिटिव केस पाये जाने पर ग्राम में विशेष रूप से लार्वा सर्वे एवं पयाराथ्रम स्पेस स्प्रे के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 53 घरों का लार्वा सर्वे किया गया, साथ ही 20 संभावित मरीजों की मलेरिया किट के माध्यम से जांच की गई, जिनमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने हेतु 25 घरों में पानी के गड्ढों में टेमोफोस दवा का छिड़काव किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों को मच्छरजनित रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। उन्हें सलाह दी गई कि वे रात्रि में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, घर के आसपास साफ-सफाई रखें, एवं नीम की पत्तियों का धुआं कर मच्छरों को दूर भगाएं। साथ ही किसी भी प्रकार का बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर रक्त जांच करवाने एवं पूर्ण उपचार लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस अभियान में सीएचओ सुश्री महिमा, आशा कार्यकर्ता श्रीमती प्रीति, सपोर्ट स्टाफ श्रीमती दुर्गा, मलेरिया निरीक्षक नरसिंह गोड आदि उपस्थित रहें।

# सांदीपनि विद्यालय में खाद्य सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 अप्रैल।** सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में खाद्य सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक विजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों को मैन्युफैक्चरिंग डेट और एक्सपायरी डेट का महत्व समझाते हुए बताया कि किसी भी खाद्य पदार्थ का उपयोग करने से पहले उसकी निर्माण तिथि और समाप्ति तिथि अवश्य जांचनी चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वेज और नॉनवेज उत्पादों की पहचान कैसे की जाती है, जिससे बच्चे दैनिक जीवन में सही और सुरक्षित खाद्य पदार्थों का चयन कर सकें।

इस दौरान एक अनूठी पहल के तहत बच्चों को अपने घर का जूनियर क्वालिटी फूड ऑफिसर बनाकर उन्हें शपथ दिलाई गई, ताकि वे घर पर खाद्य सामग्री की शुद्धता की जांच कर सकें। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियां एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक भी सिद्ध हुआ।

# नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने पदभार ग्रहण किया



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 अप्रैल।** नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा आज कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया गया, इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किये गये आदेश के तहत वर्ष 2015 बैच की आईएएस अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा को श्योपुर कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में नवागत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय श्योपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। श्योपुर जिले में आगमन पर नवागत कलेक्टर दाहिमा का सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद सहित अन्य अधिकारियों द्वारा बुके भेंटकर स्वागत किया गया।

भारतीय प्रशासनीक सेवा की अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा इसके पूर्व बैतूल में सीईओ जिला पंचायत, अपर संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल, एडिशनल सैकेटरी माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल तथा उप सचिव सहकारिता विभाग भोपाल के पद पर कार्य कर चुकी है।

## दुकान के विवाद को लेकर मारपीट

**श्योपुर, 11 अप्रैल।** थाना कोतवाली मारपीट फरि. अब्दुल शहीद उर्फपप्पू पुत्र अब्दुल हमीद उम्र 54 साल नि. करबला रोड़ श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 10.04.26 के 09.00 बजे स्थान फरि. की दुकान के सामने गुलईया मोहल्ला श्योपुर पर आरोपीगण, अब्दुल हफीज, सानू मुसलमान नि.गण श्योपुर ने फरि को दुकान के विवाद पर से मां बहन की गंदी – गंदी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी ।

# बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान जारी



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 11 अप्रैल।** यातायात विजयपुर द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 'बिना नंबर प्लेट' वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के अनुपालन में, आज शहर के विभिन्न मुख्य चौराहों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना और उन वाहनों की पहचान करना है जो बिना नंबर प्लेट या गलत तरीके से नंबर प्लेट लगाकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। आज की कार्यवाही के दौरान पुलिस ने कुल 11 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया। इन सभी वाहनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 5500 रुपये का समन शुल्क (चालान) वसूला गया।

**इनका कहना है ...**

'बिना नंबर प्लेट वाले वाहन न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी नागरिकों से अपील है कि वे अपने वाहनों पर नियमानुसार नंबर प्लेट लगवाएं और यातायात नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक बनें।'

**सुधीर अग्रवाल**
**पुलिस अधीक्षक**
**श्योपुर**

# मेले में नृत्य नाटक 'सती लीला' का आज मंचन

### सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल

**भोपाल, 11 अप्रैल. महानगर मेला समिति द्वारा टीटी नगर दशहरा मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन नववर्ष मेला महोत्सव में शनिवार को नृत्य नाटक 'सती लीला' का भव्य मंचन किया जाएगा.**

समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि नवीन सिंह श्याम के पुनर्संयोजन में 'सती लीला' के मंचन किया जाएगा. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे. यह नाटक वीर भारत न्यास के सहयोग से प्रस्तुत किया जा रहा है.




शुक्रवार को मेले में प्रसिद्ध बैंड 'तनुज़' ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से श्रोताओं झूम उठे. सिंगर तनु सिंह ने दम मारो दम, पिया तू अब तो आजा, रात बाकी बात बाकी, छलिया छलिया, आओ न गले लगाओ न सॉन्ग पर प्रस्तुति दी. वहीं, सिंगर जयदीप सरकार ने ओ मीना, दे दे प्यार दे के जरिए सिलसिला जारी रखा. सिंगर राजा यादव ने मय से मीना से, मैं हूं प्रेम रोगी, दीपा श्रीवास्तव ने रंभा हो, हाल कैसा है जनाब का और सिंगर मुक्ता प्रखर ने हाये शरमाऊं किस किस को बताऊं की शानदार प्रस्तुति दी. इससे पहले नववर्ष मेला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने तनुजा बैंड के कलाकारों का अभिनंदन किया.

**फ्री पास मिलेंगे**

मेला समिति के सह संयोजक वैभव सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेले में फ्री पास की सुविधा दी जा रही है और सीएम डॉ मोहन यादव के आगमन के विशेष अवसर पर शनिवार को इन्हें मान्य किया जा रहा है. महासचिव अजय अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, संस्कृति, रोजगार और व्यापार को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है. सह सचिव कमल गर्ग के अनुसार, मेले में समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं

### चंद्रशेखर जोशी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में हुआ विलीन

**भोपाल, 10 अप्रैल.** नर्मदा सेवा समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. चंद्रशेखर जोशी (82) का शुक्रवार को सुभाष विश्राम घाट में अंतिम संस्कार किया गया. मुखाग्नि उनके पुत्र विश्वास जोशी ने दी. इसके पहले उनके श्रीचरणों में भोपाल जिला न्यायालय और बार काउंसिल द्वारा प्रेषित पुष्पचक्र अर्पित किया गया.

## ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

**श्योपुर, 11 अप्रैल।** थाना मानपुर सड़क दुर्घटना में मृत्यु फरि. शंभू पुत्र ऊकार वैरवा उम्र 47 साल नि. सोई थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 09.04.26 के 18.30 बजे स्थान ददूनी गुरुनावदा रोड़ धान मील के पास पर आरोपी अज्ञात ट्रेक्टर चालक ने अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. के लड़के में टक्कर मार दी जिससे गंभीर चोटे आई दौराने इलाज मृत्यु हो गई ।

**गेहूं उपार्जन** इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम में खरीदी शुरू, बाकी में 15 से होगी

# मप्र में दो दिन में 22521 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 11 अप्रैल. प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दो दिन में 5220 किसानों से 22 हजार 521 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है.**

बाकी संभागों में 15 अप्रैल से गेहूं का उपार्जन शुरू किया जायेगा. अभी तक एक लाख 48 हजार 247 किसानों द्वारा 6 लाख 74 हजार 290 मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं. गेहूं खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केंद्र बनाये गये हैं. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किए जा चुके हैं. किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है. गेहूं के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है. उपार्जित गेहूं को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी/एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है. समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है. प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है. विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था. इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है.

### प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध : मंत्री राजपूत

**भोपाल.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है. प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर काईवाई की जा रही है, अभी तक 2864 स्थानों पर जांच की गई, 4283 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई. प्रदेश के 736 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है. इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है. प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं.